CDSL

INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# आत्मनिर्भर इन्वेस्टर्स का सशक्तीकरण



आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर इन्वेस्टर्स के देश का निर्माण

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# आत्मनिर्भर इन्वेस्टर्स का सशक्तीकरण

सीडीएसएल के

**सुविधाजनक** **भरोसेमंद** **सुरक्षित**

**डीमैट अकाउंट के साथ**

सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) भारत की वह पहली और एकमात्र लिस्टेड डिपॉज़िटरी है जो भरोसेमंद और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं के साथ देश भर के इन्वेस्टर्स को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है.




अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

आत्मनिर्भर इन्वेस्टर बनने के लिए

# डिजिटल टूलकिट



CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# डीमैट अकाउंट

'डीमैट अकाउंट' (डीमटीरियलाइज़्ड अकाउंट) ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेंट की दुनिया में आमतौर पर प्रयोग किया जाने वाला शब्द है. यह वह इलेक्ट्रॉनिक साधन है जिसके द्वारा इन्वेस्टर्स आसान और कुशल ट्रांज़ैक्शन सुनिश्चित करते हुए शेयर्स को सुरक्षित ढंग से होल्ड कर सकते हैं, ट्रेड कर सकते हैं और मॉनिटर कर सकते है.

**इन्वेस्टर डिपॉज़िटरी में एडमिट की गईं सभी सिक्योरिटीज़ को अपने डीमैट अकाउंट में होल्ड कर सकते हैं.**




**लिस्टेड और अनलिस्टेड, दोनों तरह की सिक्योरिटीज़**

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# मुझे डीमैट अकाउंट की आवश्यकता क्यों है?

शेयर और सिक्योरिटीज़ को इलेक्ट्रॉनिक रूप में होल्ड करने के एक सुरक्षित और आसान तरीके के रूप में,

- धोखाधड़ी, चोरी या नुकसान से कागज़ी सिक्योरिटीज़ को होने वाले जोखिमों को खत्म करता है.

- सभी चीज़ों के लिए एक अकाउंट
  - एक ही अकाउंट से अपने सभी इन्वेस्टमेंट्स को ट्रैक करें.
  - ऑड लॉट्स: आप एक शेयर भी खरीद या बेच सकते हैं.

- ट्रांज़ैक्शन प्रोसेसिंग और सेटलमेंट में कम लागत और कम समय. आप बिना किसी अतिरिक्त खर्च के सिक्योरिटीज़ को बड़ी मात्रा में कुशलतापूर्वक स्टोर कर सकते हैं और उनके ट्रांज़ैक्शन कर सकते हैं.

- सेबी के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार, आप सिक्योरिटीज़, जैसे शेयर सर्टिफिकेट्स, को कागज़ी रूप में या डीमैट रूप में होल्ड करने का विकल्प चुन सकते हैं. हालांकि, 1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी नियम के अनुसार, यदि सिक्योरिटीज़ को केवल तभी ट्रांसफर किया जा सकता है जब उन्हें डीमैट रूप में रखा गया हो.

- कॉर्पोरेट एक्शन के लाभ, जैसे डिविडेंड, रिफंड या ब्याज डीमैट अकाउंट धारकों के लिए अपने-आप उपलब्ध हो जाते हैं. बोनस इशू, राइट्स शेयर या स्टॉक स्प्लिट डीमैट अकाउंट में अपने-आप अपडेट हो जाते हैं.

**CDSL**
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# डीमैट अकाउंट नंबर

हर डीमैट अकाउंट का अपना विशिष्ट डीमैट अकाउंट नंबर होता है जो 16 अंकों का होता है, इस नंबर को बेनिफिशियरी ओनर आईडी या बीओ आईडी भी कहते हैं.

सीडीएसएल के मामले में, यह डीपी आईडी (पहले 8 अंक) और ग्राहक आईडी (आखिरी 8-अंक) को मिलाकर बना होता है.

बीओ आईडी एक नंबर से शुरू होती है, जैसे

**12010000 00000001**

**डीपी आईडी** — **कस्टमर आईडी**

सीडीएसएल डीमैट अकाउंट में होल्ड की जा सकने वाली सिक्योरिटीज़ की लिस्ट: लिस्ट देखने के लिए यहां क्लिक करें
https://www.cdslindia.com/eservices/Investors/InvestorCorner

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# डिपॉजिटरी

डिपॉज़िटरी, सिक्योरिटीज़ को डीमटीरियलाइज़्ड रूप में होल्ड करने की सुविधा देता है और सिक्योरिटीज़ के ट्रांज़ैक्शन को संभव बनाता है.

डिपॉज़िटरी, सिक्योरिटीज़ के लिए एक बैंक जैसा होता है जो इन्वेस्टर्स को उनके रजिस्टर्ड डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) (जो बैंकों की शाखाओं जैसे होते हैं) के ज़रिए डीमैट सेवाएं प्रदान करता है.

डिपॉज़िटरी द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का लाभ उठाने के लिए, इन्वेस्टर को रजिस्टर्ड डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के यहां डीमैट अकाउंट खोलना होगा; डीपी इन्वेस्टर को विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है, जैसे डीमैट अकाउंट खोलना और बनाए रखना, शेयरों का डीमटीरियलाइज़ेशन, शेयरों का ट्रांसफर, शेयर प्लेज करना, अकाउंट फ्रीज़ करना इत्यादि.

**डीपी की लिस्ट**
https://www.cdslindia.com/eservices/DP/DPlist

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# सीडीएसएल

1999 में सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की स्थापना के पीछे एक लक्ष्य था: सुविधाजनक, भरोसेमंद और सुरक्षित डिपॉज़िटरी सेवाएं. हमारी स्थापना को दो दशक से भी अधिक समय हो गया है और इस दौरान हमने जो कुछ भी किया है - हमारी आधारभूत मान्यताओं से लेकर विभिन्न एसेट वर्गों और ई-सेवाओं तक - उसने किफायती लागत पर इसी अकेले लक्ष्य का समर्थन किया है.

हम एक मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशन (एमआईआई) हैं और पूंजी बाज़ार की संरचना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं; हम बाज़ार के सभी प्रतिभागियों - एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉर्पोरेशन, डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट (डीपी), इशूअर्स और इन्वेस्टर्स - को सेवाएं देते हैं.

आपको सुरक्षित फाइनेंशियल भविष्य की राह दिखाने वाली सीडीएसएल की सेवाओं के साथ **#AtmanirbharInvestor** बनना चुनें.

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# अकाउंट खोलना

## सीडीएसएल डीमैट अकाउंट कैसे खोलें

**किसी सीडीएसएल डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें**

**उनका चयन उनसे मिलने वाली सेवाओं और अपनी सुविधा के आधार पर करें**

**अपना केवाईसी विवरण दें:**
- **पहचान का प्रमाण - पैन**
- **पते का प्रमाण - बैंक विवरण**

केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रक्रिया के लिए अतिरिक्त डॉक्यूमेंट दें. किसी सुविधाजनक, भरोसेमंद और रजिस्टर्ड डीपी के ज़रिए डीमैट अकाउंट खोलकर इन्वेस्टमेंट के जोखिमों को घटाएं.

सीडीएसएल डीपी की लिस्ट
https://www.cdslindia.com/eservices/DP/DPlist

अपना चयन करने के बाद, आपको आपके द्वारा चुने गए डीपी के एक जानकारीपूर्ण पेज पर ले जाया जाएगा. यह पेज डीपी और सर्विस सेंटर के टैरिफ स्ट्रक्चर के बारे में जानकारी देगा. डीपी टैरिफ संरचनाओं की तुलना करके सूचित निर्णय लें.

CDSL

INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# अकाउंट खोलना

बनें #AtmanirbharInvestor




## क्या करें

- साइन करने से पहले, अकाउंट खोलने का फॉर्म ध्यान से पढ़ें.
- अलर्ट पाने के लिए, डीमैट अकाउंट खोलते समय अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर के साथ रजिस्टर करें.
- सुनिश्चित करें कि बैंक विवरण सही तरीके से अपडेट किए गए हों और आपके डीमैट अकाउंट से लिंक किए गए हों (क्योंकि डिविडेंड और रिडेम्प्शन सीधे आपके बैंक अकाउंट में जमा किए जाएंगे).

## क्या न करें

- अनरजिस्टर्ड मध्यस्थों से डील न करें.
- अपना डीमैट अकाउंट क्रेडेंशियल (पासवर्ड) किसी से भी शेयर न करें.
- डीमैट शुल्कों के लिए कैश भुगतान से बचें. रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए चेक या इंटरनेट बैंकिंग जैसे विकल्प चुनें ताकि भविष्य में कोई विवाद हो तो काम आए.

अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# नॉमिनेशन

बनें #AtmanirbharInvestor



## क्या करें

- अपने डीमैट अकाउंट में हमेशा नॉमिनी नियुक्त करें.
- केवल वैयक्तिक अकाउंट होल्डर ही नॉमिनी नियुक्त कर सकते हैं.
- जब तक अकाउंट चालू है तब तक आप नॉमिनी जोड़/बदल सकते हैं.
- एकल/संयुक्त धारक नॉमिनी नियुक्त कर सकते हैं.
- आप एक डीमैट अकाउंट के लिए अधिकतम 3 नॉमिनी नियुक्त कर सकते हैं.
- किसी अवयस्क, जिसका प्रतिनिधि कोई अभिभावक/संरक्षक हो, को नॉमिनी के रूप में नियुक्त किया जा सकता है.

## क्या न करें

- नॉन-इंडिविजुअल न तो नॉमिनी नियुक्त कर सकते हैं और न ही नॉमिनी नियुक्त किए जा सकते हैं.
- पीओए धारक नॉमिनी जोड़/बदल नहीं सकते हैं.
- अवयस्क अकाउंट धारक नॉमिनी नियुक्त नहीं कर सकते हैं.
- एकल/संयुक्त धारक खुद को नॉमिनी नियुक्त नहीं कर सकते हैं.

अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# डीमैट डेबिट एंड प्लेज इंस्ट्रक्शन (डीडीपीआई)

बनें #AtmanirbharInvestor



डीडीपीआई एक वैकल्पिक डॉक्यूमेंट है जो बीओ द्वारा निष्पादित ट्रेड के सेटलमेंट के पे-इन दायित्वों को पूरा करने के सीमित उद्देश्य हेतु स्टॉक ब्रोकर/डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट को डीमैट अकाउंट एक्सेस करने के लिए अधिकृत करता है.

डीडीपीआई वही काम करेगा जो पीओए करता है और यह पीओए के दुरुपयोग को काफी हद तक कम कर देगा.

डीडीपीआई का उपयोग निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है:

- आपने जिन स्टॉक में ट्रेड किया है, उन्हें आपके ब्रोकर द्वारा पे-इन के लिए डेबिट किया जा सकता है.
- मार्जिन के लिए शेयर प्लेज किए जा सकते हैं.
- अगर आप किसी बायबैक में भाग लेते हैं तो उसके लिए.
- म्यूचुअल फंड यूनिट रिडीम किए जा सकते हैं या शेयर डेबिट किए जा सकते हैं.

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# SMART सुविधा
## (एसएमएस अलर्ट्स रिलेटेड टू ट्रांज़ैक्शन्स)

बनें #AtmanirbharInvestor




## क्या करें

- अपने सीडीएसएल डीमैट अकाउंट में अपना मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखें.
- सीडीएसएल की "SMART" सुविधा में रजिस्टर करें जो आपको डेबिट और कॉर्पोरेट एक्शन क्रेडिट के एसएमएस अलर्ट भेजती है.
- अपने डीमैट अकाउंट में कोई ऑफ-मार्केट या मार्जिन प्लेज ट्रांज़ैक्शन होने के मामले में ओटीपी के लिए अपने मोबाइल मैसेज (एसएमएस) चेक करें.

## क्या न करें

- मोबाइल नंबर बदलने पर अपना डीमैट अकाउंट अपडेट करना न भूलें.
- डीमैट अकाउंट ट्रांज़ैक्शन के ओटीपी कभी-भी शेयर या फॉरवर्ड न करें.
- आपके डीमैट अकाउंट में हुए अनधिकृत डेबिट के लिए आए किसी भी सीडीएसएल एसएमएस अलर्ट को अनदेखा न करें और तुरंत अपने डीपी से संपर्क करें.

अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# अपने सीडीएसएल डीमैट अकाउंट का विवरण अपडेट करें

बनें #AtmanirbharInvestor



## क्या करें

- अपने पते में बदलाव या बैंक अकाउंट विवरण में बदलाव की सूचना तुरंत अपने डीपी को दें.
- अपने सीडीएसएल डीमैट अकाउंट में हमेशा अपना लेटेस्ट ईमेल आईडी और लेटेस्ट मोबाइल फोन नंबर रखें.
- इशूअर/आरटीए से अपनी ईमेल आईडी शेयर करने और ई-नोटिस तथा वार्षिक रिपोर्ट तुरंत ईमेल पर पाने की सहमति देकर पर्यावरण मित्र बन जाएं.

## क्या न करें

- अगर आपको अपनी अपडेटेड ईमेल आईडी या मोबाइल फोन नंबर पर ट्रांज़ैक्शन स्टेटमेंट/एसएमएस अलर्ट प्राप्त नहीं होते हैं, तो तुरंत अपने डीपी से संपर्क करें.

अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

easi

'easi' (इलेक्ट्रॉनिक एक्सेस टू सिक्योरिटीज़ इन्फॉर्मेशन) पिछले 30 दिनों और फाइनेंशियल वर्ष (365 दिन) के ट्रांज़ैक्शन और हिस्ट्री स्टेटमेंट देखने और प्रिंट करने की एक इंटरनेट-आधारित सुविधा है.

- अपने डीमैट अकाउंट को मॉनिटर करें और प्रोफाइल एडिट करें.
- ट्रांज़ैक्शन, होल्डिंग और पिछले फाइनेंशियल वर्षों के स्टेटमेंट देखें और प्रिंट करें.
- लेटेस्ट वैल्यूएशन के साथ अपडेट रहें.
- एक लॉग-इन आईडी से कई डीमैट अकाउंट देखें.
- कंसोलिडेटेड अकाउंट स्टेटमेंट (सीएएस) का एक्सेस.
- ई-डॉक्यूमेंट को सुरक्षित रूप से स्टोर करने और शेयर करने के लिए ई-लॉकर सुविधा का लाभ उठाएं.
- कॉर्पोरेट घोषणाओं की मॉनिटरिंग - ऐसे अधिकतम 25 आईएसआईएन जोड़ने का विकल्प जो आपके डीमैट अकाउंट में होल्ड नहीं किए गए हैं.

---

MyEasi

Myeasi मोबाइल ऐप यहां से डाउनलोड करें

GET IT ON Google Play | Download on the App Store

https://web.cdslindia.com/myeasitoken/Home/Login

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# easiest

easiest (इलेक्ट्रॉनिक एक्सेस टू सिक्योरिटीज़ इन्फॉर्मेशन एंड एग्ज़ीक्यूशन ऑफ सिक्योर्ड ट्रांज़ैक्शन्स) सीडीएसएल की मॉनिटर और ट्रांज़ैक्शन करने की एक इंटरनेट-आधारित सुविधा है.

easi की सभी सुविधाएं और लाभ.

easi और easiest यूज़र के लिए सीडीएसएल के Myeasi ऐप के ज़रिए आसान एक्सेस.

ट्रांज़ैक्शन्स को मॉनिटर | सेट | फ्रीज़ | अनफ्रीज़ करें.

बीओ द्वारा इंस्ट्रक्शन सबमिट करने की सुविधा प्रदान करता है.

पहले से ही easi सदस्य हैं? easiest पर अपग्रेड करें.

## easiest में दो प्रकार के अकाउंट ट्रांसफर उपलब्ध हैं

- **भरोसेमंद अकाउंट ट्रांसफर:**
  बीओ अकाउंट से बीओ की पसंद के किन्हीं भी 4 प्री-नोटिफाइड सीडीएसएल डीमैट अकाउंट में सिक्योरिटीज़ का ट्रांसफर.
- **आपकी पसंद का अकाउंट - ट्रांसफर:**
  डिजिटल हस्ताक्षर के ज़रिए सिक्योरिटीज़ को सीएम सेटलमेंट अकाउंट सहित किसी भी अन्य डीमैट अकाउंट में ट्रांसफर करने की सुविधा देता है.

सीडीएसएल की EASIEST सुविधा के साथ सुरक्षित रूप से मॉनिटर करें और ट्रांज़ैक्शन करें
https://web.cdslindia.com/myeasitoken/Home/Login

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# डिलीवरी इंस्ट्रक्शन स्लिप (डीआईएस)

बनें #AtmanirbharInvestor



## क्या करें

- सुनिश्चित करें कि रिक्विज़िशन स्लिप और स्लिप के सीरियल नंबर का क्रम बनाए रखा जाए.
- स्लिप पर जो भी खाली जगहें हों उन्हें काट दें.
- डीआईएस बुक को हमेशा सुरक्षित रखें.
- सभी ऑफ मार्क ट्रांज़ैक्शन के लिए कारण, प्रतिफल राशि और प्रतिफल विवरण दर्ज करें.

## क्या न करें

- जब तक हर स्लिप पर उसका सीरियल नंबर और आपका डीमैट अकाउंट नंबर पहले से प्रिंट न हो तब तक डीपी से डीआईएस बुक स्वीकार न करें.
- अपनी हस्ताक्षरित डिलीवरी इंस्ट्रक्शन स्लिप किसी के पास न छोड़ें, क्योंकि यह स्लिप बेयरर चेक के बराबर है.

  (डीआईएस आपके डीमैट अकाउंट की चेक बुक जैसी होती हैं)

अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

**CDSL**

INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# e-Voting

सीडीएसएल का ई-वोटिंग सिस्टम शेयरधारकों/सदस्यों को ई-वोटिंग इवेंट पूरी होने तक कंपनी के प्रस्तावों पर दूरस्थ रूप से अपने इलेक्ट्रॉनिक वोट डालने की सुविधा देता है.

शेयरधारक एजीएम/ईजीएम के समय से पहले या उसके दौरान www.evotingindia.com पर अपना वोट डाल सकते हैं.

अपने लिए सुविधाजनक स्थान से और समय पर कॉर्पोरेट निर्णय प्रक्रिया में भाग लें.

वीडियो कॉन्फरेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के ज़रिए एजीएम/ईजीएम में भाग लें.

आप अपने डीपी के ऑनलाइन पोर्टल से ई-वोटिंग कर सकते हैं या डिपॉज़िटरी की वेबसाइट पर उपलब्ध ई-वोटिंग टैब पर क्लिक कर सकते हैं.

अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# डीमटीरियलाइज़ेशन (डीमैट)

बनें #AtmanirbharInvestor




## क्या करें

- निम्नलिखित के लिए हमेशा अलग डीमैट रिक्वेस्ट फॉर्म (डीआरएफ) भरें,

  i. फ्री और लॉक्ड-इन सिक्योरिटीज़,
  ii. प्रत्येक आईएसआईएन,
  iii. विभिन्न कारणों से लॉक-इन की गईं सिक्योरिटीज़,
  iv. विभिन्न पेड-अप वैल्यू वाली सिक्योरिटीज़ और
  v. प्रत्येक क्लाइंट अकाउंट के लिए.

- सुनिश्चित करें कि सभी डीमैट अकाउंट धारक डीपी और इशूअर्स/आरटीए के पास रिकॉर्ड किए गए नमूना हस्ताक्षर(हस्ताक्षरों) के अनुसार डीआरएफ पर हस्ताक्षर करेंगे.

## क्या न करें

- डीमैट के लिए सिक्योरिटीज़ भेजने से पहले उनके विशिष्ट नंबर रिकॉर्ड करना न भूलें.
- डीमैट के लिए अनुरोध भेजने से पहले यह अच्छे से चेक करना न भूलें कि आईएसआईएन एक्टिव है या नहीं.
- डीमैट के लिए भेजने से पहले, यह चेक करना न भूलें कि कहीं कंपनी लंबित डीमैट अनुरोध वाली शीर्ष 200 कंपनियों में तो नहीं है.

अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

CDSL

INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# eCAS

सीडीएसएल का कंसोलिडेटेड अकाउंट स्टेटमेंट (सीएएस) इन्वेस्टर की सभी फाइनेंशियल सिक्योरिटीज़ का एक समेकित दृश्य प्रदान करता है, यानी यह स्टेटमेंट, सीडीएसएल और एनएसडीएल के यहां बने डीमैट अकाउंट में हुए ट्रांज़ैक्शन और इन अकाउंट में मौजूद होल्डिंग का तथा म्यूचुअल फंड (एमएफ) की ओर से जारी स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट (एसओए) फॉर्म में उल्लिखित ट्रांज़ैक्शन और इस स्टेटमेंट में मौजूद होल्डिंग का एक अकेला अकाउंट स्टेटमेंट होता है.

डीमैट और एमएफ में मौजूद इन्वेस्टमेंट्स का एक समेकित दृश्य.

अगर कोई ट्रांज़ैक्शन नहीं है, तो छमाही होल्डिंग स्टेटमेंट.

डीमैट या एमएफ में कोई ट्रांज़ैक्शन होने की स्थिति में मासिक स्टेटमेंट.

ई-सीएएस सेवा का लाभ उठाने के लिए अपने डीमैट अकाउंट/एमएफ फोलियो में अपनी ईमेल आईडी और सीएएस मोड अप-टू-डेट रखें.

- सीएएस पर्मानेंट अकाउंट नंबर (पैन) के आधार पर प्रदान किया जाता है. अगर धारक एक से अधिक हैं, तो यह पहले धारक के पैन और होल्डिंग के पैटर्न पर आधारित होता है.

- सीएएस डिफॉल्ट डिपॉज़िटरी (वह डिपॉज़िटरी जहां पहले डीमैट अकाउंट खोला गया था) द्वारा भेजा जाता है.
- इन्वेस्टर्स 23 अलग-अलग भारतीय भाषाओं में से अपनी पसंदीदा भाषा में ई-सीएएस पा सकते हैं.

सीडीएसएल का ई-सीएएस एक इंटरैक्टिव सीएएस है जो ई-मेल से भेजा जाता है; यह जल्द प्राप्त होता है, पासवर्ड द्वारा संरक्षित होता है, पर्यावरण के अनुकूल होता है और इसे स्टोर करना व पुनः ढूंढना आसान है. ई-सीएएस के लिए अभी अपने डीपी से संपर्क करें.

अभी अपना सीडीएसएल सीएएस डाउनलोड करें :

https://www.cdslindia.com/CAS/LoginCAS.aspx

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# शिकायत निवारण

सीडीएसएल की शिकायत निवारण सुविधा इन्वेस्टर को सहायता पाने और तुरंत जांच-पड़ताल के साथ इन्वेस्टर की शिकायत के निवारण की सुविधा देती है.

अपनी शिकायत के विवरण के साथ तुरंत अपने डीपी / इश्यूअर कंपनी / आरटीए से संपर्क करें.

अगर शिकायत का समाधान न हो तो आप सीडीएसएल के शिकायत निवारण प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं. https://www.cdslindia.com/eservices/footer/grievances

अगर आप तब भी संतुष्ट न हों तो सेबी के शिकायत निवारण सिस्टम-स्कोर्स पर शिकायत दर्ज करें https://scores.sebi.gov.in/

अगर इन्वेस्टर डीपी या अन्य मार्केट पार्टिसिपेंट से मिले समाधान से संतुष्ट नहीं है, तो वह ऑनलाइन समाधान या मध्यस्थता के माध्यम से अपनी शिकायत/व्यथा के समाधान के लिए उसे SMARTODR प्लेटफॉर्म पर दर्ज कर सकता है. https://smartodr.in/login

अपने डीमैट अकाउंट से संबंधित डॉक्यूमेंटेशन जैसे एग्रीमेंट, लेटर, ईमेल, फैक्स इत्यादि की कॉपी हमेशा रखें.

शिकायत के निवारण के लिए तुरंत कदम उठाएं और संबंधित प्राधिकरण से संपर्क करें.

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# इन्वेस्टर जागरूकता

सीडीएसएल इन्वेस्टर को डिपॉज़िटरी, पूंजी बाज़ार की परिपाटियों और इन्वेस्टर के अधिकारों व दायित्वों के बारे में शिक्षित करके सशक्त बनाती है. इसके लिए, सीडीएसएल अपने डीपी, एक्सचेंज, वित्तीय/शैक्षिक संस्थानों और मीडिया इत्यादि के साथ नियमित आधार पर विभिन्न इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम (आईएपी) आयोजित करता है.

FREE

इन आईएपी में प्रवेश सभी व्यक्तियों के लिए मुफ्त है.

कोई भी मौजूदा और संभावित इन्वेस्टर्स इन सेमिनार में भाग ले सकते हैं.

प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर मिलेगा.

इन आईएपी में पूंजी बाज़ार व डीमैट के बारे में और जानें.

अपने लिए सर्वश्रेष्ठ आईएपी चुनने के लिए आईएपी की विस्तृत लिस्ट देखें.

## आईएपी का शिड्यूल

https://www.cdslindia.com/eservices/Investors/InvestorCorner

कृपया सेबी पुस्तिका "सिक्योरिटीज़ मार्केट: इन्वेस्टर की नज़र से समझें" डाउनलोड करें

सिक्योरिटीज़ मार्केट के बारे में और बुनियादी जानकारी के लिए, नीचे क्लिक करें.

https://www.cdslindia.com/downloads/Securities%20Market%20Booklet.pdf

**यह पुस्तक निम्नलिखित की संयुक्त रचना है:**
https://www.cdslindia.com/eservices/Investors/InvestorCorner
सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया | सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड | बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड | नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड | नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. | मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# सोशल मीडिया पर उपस्थिति

सीडीएसएल विभिन्न सोशल मीडिया साइट, जैसे फेसबुक, लिंक्डइन, एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर सक्रिय रूप से उपस्थित है जहां वह पूंजी बाज़ार के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है.

- https://www.facebook.com/cdslindia/
- https://www.linkedin.com/company/cdslindia/
- https://x.com/cdslindia/
- https://www.instagram.com/cdslindia/
- https://www.youtube.com/@CDSLIndiaLtd/featured

## अपनाएं ये 5 आसान सुझाव

बनें #AtmanirbharInvestor

- खोजबीन करें और अपनी खुद की रिसर्च करें.
- सीखें और अप-टू-डेट रहें.
- इन्वेस्ट करने से पहले जोखिमों का मूल्यांकन करें और उन्हें समझें.
- धैर्य और एकाग्रता महत्वपूर्ण है!
- सीडीएसएल की easi/ easiest जैसी डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाएं और विभिन्न इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम (आईएपी) में शामिल हों.

अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# हमसे संपर्क करें

हम हर आत्मनिर्भर इन्वेस्टर और देश की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए एक समृद्ध भविष्य बनाने के लिए उत्सुक हैं.

## सीडीएसएल के रीजनल ऑफिस

### अहमदाबाद
श्री उत्पल शाह
203/204, अभिश्री एवेन्यू, 2nd फ्लोर, नेहरू नगर सर्किल के पास, एस. एम. रोड, अंबावाड़ी, अहमदाबाद - 380 015, गुजरात.
ईमेल: utpals@cdslindia.com

### बेंगलुरु
श्री सी. एस. हरीशा
सी-02, 2nd फ्लोर, जैन हाइट्स सोलस 1, जे सी रोड 1st क्रॉस, बंगलुरु - 560 027, कर्नाटक.
ईमेल: csharisha@cdslindia.com

### चेन्नई
श्री कार्तिक बी
बीएसई इन्वेस्टर सर्विस सेंटर "इम्पीरियल" ए - टावर्स, 8th फ्लोर 610, अन्ना सलई, तेयनामपेट, तेयनामपेट मेट्रो स्टेशन के पास, चेन्नई - 600 018
ईमेल: karthikb@cdslindia.com

### हैदराबाद
श्री शिव प्रसाद वेनिशेट्टी
101, इंपीरियल टावर, अमीरपेट. मेट्रो स्टेशन के सामने, अमीरपेट, हैदराबाद - 500 082, आंध्र प्रदेश.
ईमेल: shivap@cdslindia.com

### जयपुर
श्री यशवंत गुप्ता
ऑफिस नं. 602, 6th फ्लोर, केजे सिटी टावर, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर - 302 001, राजस्थान.
ईमेल: yashwantg@cdslindia.com

### कोची
श्री शिबुनाथ टी.
बीएसई इन्वेस्टर्स सर्विस सेंटर, श्री लक्ष्मी टावर, 2nd फ्लोर, रविपुरम रोड, रविपुरम, एर्नाकुलम, केरल, पिन कोड - 680 016
ईमेल: shibunatht@cdslindia.com

### कोलकाता
श्री मोलोय बिस्वास
यूनिट नं - ए1 (II) और ए1 (III), ब्लॉक - ए, 1st फ्लोर, 22 कैमैक स्ट्रीट, (अबनींद्रनाथ ठाकुर सरनी), कोलकाता - 700 016, पश्चिम बंगाल.
ईमेल: moloyb@cdslindia.com

### लुधियाना
श्री इंदरजीत सिंह
214, लुधियाना स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, फिरोज़ गांधी मार्केट, लुधियाना - 141 001, पंजाब.
ईमेल: inderjitp@cdslindia.com

### नई दिल्ली
श्री अमितकुमार जैन
101, 1st फ्लोर, अग्रवाल कॉर्पोरेट टावर, प्लॉट नं. 23, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली - 110 008
ईमेल: amitj@cdslindia.com

### पुणे
सुश्री अश्विनी थोराट
ऑफिस नं. 15, 1st फ्लोर, ग्लोबल ट्रेड सेंटर, 1/1, रामबाग कॉलोनी, (एचडीएफसी बैंक के ऊपर), एल. बी. एस. मार्ग, नवी पेठ, पुणे - 411 030, महाराष्ट्र.
ईमेल: ashwinit@cdslindia.com

### कानपुर
श्री देवेश धार दुबे
पदम टावर्स-II, 14/113, केबिन नं. 369, तीसरा फ्लोर, सिविल लाइंस, कानपुर नगर, कानपुर - 208 001, उत्तर प्रदेश.
ईमेल: deveshd@cdslindia.com

### इंदौर
श्री कृष्ण गुप्ता
320, रत्नमणि कॉम्प्लेक्स, 7/1, न्यू पलासिया, इंदौर - 452 001, मध्य प्रदेश.
ईमेल: krishnag@cdslindia.com

अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# हमसे संपर्क करें


**सीआईएन: L67120MH1997PLC112443**

**रजिस्टर्ड ऑफिस: सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड,**
ए-विंग, मैराथन फ्यूचरएक्स, 25th फ्लोर, मफतलाल मिल्स कंपाउंड,
एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (ई), मुंबई - 400 013

**वेबसाइट** - https://www.cdslindia.com/



डिस्क्लेमर: यह पुस्तिका केवल जानकारी के उद्देश्यों से है और पाठक(पाठकों) द्वारा की जाने वाली किसी कार्यवाही पर किसी राय या सिफारिश का निर्माण नहीं करती है. इस पुस्तिका में मौजूद जानकारी किसी भी बिक्री या खरीद या सेवा का ऑफर नहीं है, ऐसे किसी भी ऑफर का भाग नहीं है और न ही उसे ऐसा ऑफर माना जाना चाहिए. हालांकि, पुस्तिका में दी गई जानकारी विश्वसनीय और सद्भावनापूर्ण स्रोतों से संकलित की गई है, फिर भी पाठक ध्यान दे कि टेक्स्ट, ग्राफिक्स, लिंक या अन्य आइटम्स सहित इसकी सामग्री किसी भी प्रकार की वारंटी के बिना प्रदान की जाती है.

सीडीएसएल इस पुस्तिका की शुद्धता, अचूकता, विश्वसनीयता, समयबद्धता, व्यापारिकता या किसी उद्देश्य विशेष के लिए उपयुक्तता से संबंधित किसी भी वारंटी को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करती है. पुस्तिका में दी गई जानकारी या डेटा के उपयोग के (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष) परिणामस्वरूप हुए किसी भी प्रकार के कैसे भी नुकसान या हानि के लिए भी सीडीएसएल देनदार नहीं होगी. सीडीएसएल की पूर्व सहमति के बिना इस न्यूज़लेटर के किसी भी भाग में बदलाव या संप्रेषण अथवा संपूर्ण न्यूज़लेटर या उसके किसी अंश की फोटोकॉपी करके वितरण या संपूर्ण न्यूज़लेटर अथवा उसके किसी भी अंश के किसी भी रूप में पुनरुत्पादन पर रोक है.

**CDSL**

INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# **आत्मनिर्भर इन्वेस्टर्स** का सशक्तीकरण सीडीएसएल के

- **सुविधाजनक**
- **भरोसेमंद**
- **सुरक्षित**

## डीमैट अकाउंट के साथ

सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) भारत की वह पहली और एकमात्र लिस्टेड डिपॉज़िटरी है जो भरोसेमंद और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं के साथ देश भर के इन्वेस्टर्स को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है



CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# डीमैट डेबिट एंड प्लेज इंस्ट्रक्शन (डीडीपीआई)

बनें #AtmanirbharInvestor



## क्या करें

- अपने डीमैट अकाउंट के संचालन के लिए पीओए देने से पहले शक्तियों के दायरे और प्रभावों को सावधानी से चेक करें.
- डीमैट अकाउंट खोलने के लिए पीओए अनिवार्य नहीं है.

## क्या न करें

- अपने ब्रोकर को जनरल पीओए न दें. हमेशा सीमित उद्देश्य वाला पीओए चुनें.
- वापस न लिया जा सकने वाला पीओए न दें. इससे आपको, दिए गए पीओए को अस्वीकार या कैंसल करने की शक्ति नहीं मिलती है.

अधिक जानकारी के लिए, देखें: **www.cdslindia.com**

CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# आत्मनिर्भर इन्वेस्टर्स का सशक्तीकरण

## आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर इन्वेस्टर्स के देश का निर्माण

- डीमैट और एमएफ में मौजूद इन्वेस्टमेंट्स का एक समेकित दृश्य.
- डीमैट या एमएफ में कोई ट्रांज़ैक्शन होने की स्थिति में मासिक स्टेटमेंट.
- अगर कोई ट्रांज़ैक्शन नहीं है, तो छमाही होल्डिंग स्टेटमेंट.
- ई-सीएएस सेवा का लाभ उठाने के लिए अपने डीमैट अकाउंट/एमएफ फोलियो में अपनी ईमेल आईडी और सीएएस मोड अप-टू-डेट रखें.

CDSL

INVESTOR PROTECTION FUND TRUST



CDSL
INVESTOR PROTECTION FUND TRUST

# हमसे संपर्क करें

हम हर आत्मनिर्भर इन्वेस्टर और देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए एक समृद्ध भविष्य बनाने की उम्मीद करते हैं. जुड़ें 3 करोड़ आत्मनिर्भर इन्वेस्टर्स से

## सीडीएसएल के रीजनल ऑफिस


**अहमदाबाद**
श्री उत्पल शाह
203/204, अभिश्री एवेन्यू, 2nd फ्लोर, नेहरू नगर सर्किल के पास, एस. एम. रोड, अंबावाड़ी, अहमदाबाद - 380 015, गुजरात.
ईमेल: utpals@cdslindia.com

**बेंगलुरु**
श्री सी. एस. हरीशा
सी-02, 2nd फ्लोर, जैन हाइट्स सोलस 1, जे सी रोड 1st क्रॉस, बंगलुरु - 560 027, कर्नाटक.
ईमेल: csharisha@cdslindia.com

**चेन्नई**
श्री कार्तिक बी
बीएसई इन्वेस्टर सर्विस सेंटर "इम्पीरियल" ए - टावर्स, 8th फ्लोर 610, अन्ना सलई, तेयनामपेट, तेयनामपेट मेट्रो स्टेशन के पास, चेन्नई - 600 018
ईमेल: karthikb@cdslindia.com

**हैदराबाद**
श्री शिव प्रसाद वेनिशेट्टी
101, इंपीरियल टावर, अमीरपेट. मेट्रो स्टेशन के सामने, अमीरपेट, हैदराबाद - 500 082, आंध्र प्रदेश.
ईमेल: shivap@cdslindia.com

**जयपुर**
श्री यशवंत गुप्ता
ऑफिस नं. 602, 6th फ्लोर, केजे सिटी टावर, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर - 302 001, राजस्थान.
ईमेल: yashwantg@cdslindia.com

**कोची**
श्री शिबुनाथ टी.
बीएसई इवेस्टर्स सर्विस सेंटर, श्री लक्ष्मी टावर, 2nd फ्लोर, रविपुरम रोड, रविपुरम, एर्नाकुलम, केरल, पिन कोड - 680 016
ईमेल: shibunatht@cdslindia.com

**कोलकाता**
श्री मोलोय बिस्वास
यूनिट नं - ए1 (II) और ए1 (III), ब्लॉक - ए, 1st फ्लोर, 22 कैमैक स्ट्रीट, (अबनींद्रनाथ ठाकुर सरनी), कोलकाता - 700 016, पश्चिम बंगाल.
ईमेल: moloyb@cdslindia.com

**लुधियाना**
श्री इंदरजीत सिंह
214, लुधियाना स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, फिरोज़ गांधी मार्केट, लुधियाना - 141 001, पंजाब.
ईमेल: inderjitp@cdslindia.com

**नई दिल्ली**
श्री अमितकुमार जैन
101, 1st फ्लोर, अग्रवाल कॉर्पोरेट टावर, प्लॉट नं. 23, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली - 110 008
ईमेल: amitj@cdslindia.com

**पुणे**
सुश्री अश्विनी थोराट
ऑफिस नं. 15, 1st फ्लोर, ग्लोबल ट्रेड सेंटर, 1/1, रामबाग कॉलोनी, (एचडीएफसी बैंक के ऊपर), एल. बी. एस. मार्ग, नवी पेठ, पुणे - 411 030, महाराष्ट्र.
ईमेल: ashwinit@cdslindia.com

**कानपुर**
श्री देवेश धार दुबे
पदम टावर्स-II, 14/113, केबिन नं. 369, तीसरा फ्लोर, सिविल लाइंस, कानपुर नगर, कानपुर - 208 001, उत्तर प्रदेश.
ईमेल: deveshd@cdslindia.com

**इंदौर**
श्री कृष्ण गुप्ता
320, रत्नमणि कॉम्प्लेक्स, 7/1, न्यू पलासिया, इंदौर - 452 001, मध्य प्रदेश.
ईमेल: krishnag@cdslindia.com